पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः आषाढ़ 01, 1944
मंगलवारः 21 जून 2022

रक्षा मंत्रालय ने आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

प्रधानमंत्री की परिकल्पना ‘गार्डियन रिंग ऑफ योगा’ के हिस्से के रूप में अभ्यास किया

8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, कर्नाटक के मैसूर में आयोजित प्रधानमंत्री की अगुवाई वाले योग कार्यक्रम के अनुरूप रक्षा मंत्रालय ने नई दिल्ली में 21 जून 2022 को रक्षा लेखा विभाग के मुख्यालय में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार, रक्षा लेखा महानियंत्रक श्री रजनीश कुमार, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव श्री बी आनंद, रक्षा मंत्रालय तथा रक्षा लेखा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

अपने संबोधन में श्री अजय भट्ट ने सार्वजनिक विमर्श में योग को सबसे आगे लाने के लिए प्रधानमंत्री की परिकल्पना की सराहना की और सभी को योग के अभ्यास को जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने आयुष मंत्रालय के साझा योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "मानवता के लिए योग" विषयवस्तु पर केंद्रित है।

‘आजादी का अमृत महोत्सव’ को 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के साथ मनाते हुए, प्रधानमंत्री द्वारा योग प्रदर्शन के साथ देश भर में 75 केंद्रीय मंत्रियों के की अगुआई में 75 प्रतिष्ठित स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योग प्रदर्शन विभिन्न शैक्षिणिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, कॉर्पोरेट और अन्य

नागरिक समाज संगठनों द्वारा भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें देश भर में बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री की अगुआई में मैसूर में योग कार्यक्रम और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को नए कार्यक्रम 'गार्डियन योग रिंग' के हिस्से के रूप में संरेखित किया गया है, जो राष्ट्रीय सीमाओं को पार करने वाली योग की एकजुट शक्ति को दर्शाने के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ 79 देशों और संयुक्त राष्ट्र संगठनों के बीच एक सहयोगी अभ्यास है।

एबीबी/डीएस/आरपी